# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की सराहना। कहा– इस योजना ने विभिन्न क्षेत्रों में तीव्र और कारगर विकास को किया सुनिश्चित।
- भाजपा ने नौ सीटों पर तय किये प्रत्याशी। एक सीट रालोद के लिए छोड़ी। कल नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक में उप चुनाव की दस सीटों के प्रत्याशियों के नाम पर बनी सहमति।
- बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव और फायरिंग, एक की मौत। मुख्यमंत्री ने दिये हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश।
- प्रयागराज महाकुंभ में समुद्र मंथन से निकले चौदह रत्नों और पौराणिक मूर्ति विज्ञान की तर्ज पर बनेंगे 30 अस्थाई थिमैटिक गेट्स।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस अनूठी पहल ने भारत के बुनियादी ढ़ांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। ***44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इनके कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इस पहल से विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का उद्देश्य माल ढुलाई की लागत को कम करना, भारत की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रैंकिंग को 2030 तक शीर्ष 25 देशों में लाना और डेटा–आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। पल्लवी परमार की रिपोर्ट के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कल नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शामिल हुए। बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बन गई है। पार्टी ने तय किया है कि नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी और एक सीट सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल के लिए छोड़ेगी। एक दो दिन में उपचुनाव की तारीखों का एलान होते ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा कोर कमेटी ने जिन नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था, उन पर चर्चा के बाद एक एक नाम को अंतिम रूप दिया गया है। बैठक में मीरापुर सीट को रालोद के लिए छोड़ने का भी निर्णय लिया गया है। यह सीट पहले रालोद के पास ही थी। निषाद पार्टी भी उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थी लेकिन सूत्रों के मुताबिक उसे कोई सीट नहीं मिली है।

**********

इस संबंध में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पार्टी प्रमुख संजय निषाद से बात करने के लिए कहा गया है। प्रदेश के करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मंझवा और सीसामऊ सीट पर उपचुनाव होना है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव छह सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही कांग्रेस से गठबंधन कर उपचुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं।

**********

भदोही में कपड़ा मंत्रलाय के सहयोग से कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला का शुभारंभ 15 अक्टूबर को होगा। मेले में देशभर से 260 कालीन निर्यातक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे, वहीं 67 देशों के 500 खरीददार और उनके प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेले का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और कपड़ा और विदेश राज्यमंत्री पवित्रा मार्गेटा करेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर कालीन निर्यात संवर्धन परिषद निदेशक असलम महबूब ने बताया कि कालीन मेला में आने वाले उत्पादकों की सुविधा के लिये बेहतर इंतजाम किये गये हैं।

*यह फेयर बहुत व्यापक और अच्छा होगा बड़ा होगा। बायर्स का रजिस्ट्रेशन तो चार सौ के ऊपर जा चुका है और दो सौ चौवन एक्सपोर्टरों ने एक्जिबिट कर रहे हैं इसमें और हमारी रिक्वायरमेंट थी चीजें थी होटलों की सबकी वह कंप्लीट हो चुकी है और ट्रांसपोर्टेशन से लेकर के सारी व्यवस्था हमारी कंप्लीट हो गई है और हर चीज हम एसी से लेकर के लिफ्ट से लेकर के सारी चीजें तैयार है। हमारी तैयारी अच्छी है और बायर्स का इंटरेस्ट भी काफी ज्यादा अच्छा।*

**********

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों को इस महीने यानी 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

**********

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और मौत के मामले में पुलिस ने गोली चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। कल शाम हरदी क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प में कुछ अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। घटना में गोली लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पूरे जिले में स्थिति तनावपूर्ण है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी वृंदा शुक्ला समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इससे पहले बहराइच से सीतापुर हाईवे पर प्रदर्शनकारियों ने जाम लगा दिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में कुंभ मेला क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के लिए तीस अस्थाई थिमैटिक गेट्स की स्थापना की जायेगी। प्रयागराज के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि कुंभ की पौराणिक कथा के प्रसंग में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों और पौराणिक मूर्ति विज्ञान को आधार में रखकर इन गेट्स का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुंभ मेला क्षेत्र में चारों दिशाओं में उनका निर्माण होगा। इसके साथ ही मेला प्रशासन द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ यानी नेत्र शिविर की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

**********

वन विभाग के द्वारा अमरोहा में गंगा के 51 किलोमीटर दायरे में कराई गई गणना में डॉल्फिन की संख्या में वृद्धि देखी गई, साथ ही घड़ियाल और दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भी बड़ी संख्या में पाये गये।

*अमरोहा के 51 किलोमीटर दायरे में की गई गणना में 8 डॉल्फिन अटखेलियां करती हुई नजर आई हैं। उनके साथ उनके 2 बच्चे और 10 घड़ियाल भी दिखाई पड़े हैं, इनमें 4 मादा घड़ियाल हैं। इसके अलावा गंगा किनारे 4 ब्लैक बेलीड टर्न, ब्लैक ड्रोंगो सहित अनेक दुर्लभ प्रजाति की चिड़िया भी देखी गई हैं। वन विभाग के एसडीओ विमल कुमार के अनुसार पिछली गणना के सापेक्ष इस बार डॉल्फिन की तादाद अधिक है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर से विश्व वन्य जीव फंड नाम की संस्था से गंगा में जलीय जीवों की गणना कराई जा रही है। गंगा में डॉल्फिन की बढ़ती तादाद से वन विभाग गदगद नजर आ रहा है। मरगूब हुसैन, आकाशवाणी समाचार, अमरोहा।*

**********

गोरखपुर, लखनऊ, जौनपुर, श्रावस्ती, बदायूं और कुशीनगर सहित विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। सिंदूरदान और सिंदूर खेला की परम्परा के बाद शोभायात्रा निकालकर देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया जा रहा है। लखनऊ में गोमती नदी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए कृत्रिम तालाब बनाए गए है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों के साथ घाटों पर गोताखोरो को भी तैनात किया गया है।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में कल का खेल खत्म होने तक उत्तर प्रदेश के खिलाफ बंगाल ने अपनी स्थिति को मजबूत कर ली है। मैच में पहली पारी में 311 रन बनाने के बाद बंगाल ने दूसरी पारी में अभी तक बिना कोई विकेट गवाएं 141 रन बना लिए हैं। बंगाल की कुल बढ़त 150 रन की हो गई है। इससे पहले आज सुबह उत्तर प्रदेश की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसके सभी खिलाड़ी 292 रन पर ऑल आउट हो गए।

**********